# आंख में मिर्ची डालकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** थाना स्टेशनगंज अंतर्गत ग्राम करहैया खेड़ा निवासी राजेश मेहरा अपनी पत्नी के साथ 13.2.2026 को ग्राम खमरिया स्थित अपने रिश्तेदार के यहाँ विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। रात्रि लगभग 9:30 बजे जैसे ही वे ग्राम खमरिया के स्वागत गेट के समीप पहुँचे, तभी मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने ओवरटेक कर उनका रास्ता रोक लिया।

मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा राजेश मेहरा एवं उनकी पत्नी की आँखों में मिर्ची पाउडर फेंक दिया गया, जिससे दोनों असहज हो गए। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा झूमाझटकी करते हुए महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया गया तथा मौके से फरार हो गए। बीते दिवस पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना ने बताया कि लूट की घटना संज्ञान में आने पर अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस की दो विशेष टीमों को गठन किया जाकर आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीव्ही कैमरों को चेक किया गया एवं स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी साथ ही तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित किया गया। घटना स्थल के पास से ही अभिषेक सिंह लोधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुचंकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी।




**पुलिस ने लूट का शत-प्रतिशत मशरुका किया बरामद**

इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुचंकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी। गिरफ्तार आरोपी यशवंत पटेल निवासी पिपरिया, थाना गोटेगांव,अभिषेक सिंह लोधी निवासी सूरवारी से मंगलसूत्र कीमती 1,20,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल टीव्हीएस कंपनी की रायडर कीमती 80,000 रूपये जप्त कर धारा 309 (4), 3/5 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया। अज्ञात लुटेरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक सौरभ पटैल, उनि. राहुल सोनकर, उनि. मुकेश बिसेन उनि. दिलीप सिंह प्रधान आरक्षक बुधराम, आरक्षक लक्ष्मी नागपुर, दिलीप सिंह, नंदकिशोर, जितेन्द्र राणा, संतोष शर्मा की भूमिका रही है।

## एक लाख रुपए की स्मैक की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध ऑपरेशन ईगल क्ले चलाया रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति को गणेश मंदिर के पास किसानी वार्ड नरसिंहपुर के पास संदेहास्पद रूप से खडा देख जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध स्मैक जप्त की गयी है। थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमन बैरागी निवासी कठौतिया से 11.25 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख अनुमानित) जप्त कर धारा 8, 21 (बी). 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया। थाना कोतवाली से थाना प्रभारी गौरव चांटे, उनि संजय सूर्यवंशी, आरक्षक अनुराग दुबे, आरक्षक कुलदीप साहू, आरक्षक श्रेय अवस्थी, आरक्षक राहुल दुबे, आरक्षक अभय तिवारी एवं आरक्षक नीलेश दुबे की भूमिका रही है।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं शांतिपूर्ण आयोजित



**जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विषयों की परीक्षा आयोजित**

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत शनिवार 14 फरवरी को जिले में बनाए गए कुल 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी से संबंधित विषयों की परीक्षाएँ सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल स्तर पर एनएसक्यूएफ (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) अंतर्गत एआई विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत 2 हजार 638 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 619 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्तर पर बायोटेक्नॉलॉजी, गायन- वादन तथा तबला- पखावज विषयों की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें कुल 54 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 53 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं।

परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

## सार-समाचार

### सांसद कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते रविवार 15 फरवरी को गोटेगांव के ग्राम कंजई में क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन और नरसिंहपुर में स्वदेशी मेला का समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सांसद श्री कुलस्ते रविवार 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे सिवनी जिले से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे जिले के विकासखंड गोटेगांव के ग्राम कंजई आएंगे और यहां क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सांसद श्री कुलस्ते सायं 6.30 बजे ग्राम कंजई से प्रस्थान कर सायं 7 बजे नरसिंहपुर आएंगे और यहां स्वदेशी मेला का समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### स्कूटी पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत शुक्रवार की रात एक स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना सामने आई है।

बताया जाता है कि विगत शुक्रवार को नगर पालिका गाडरवारा के सामने शिवाजी वार्ड निवासी योगेश कुर्मी के साथ मारपीट कर उसकी स्कूटी क्रमांक एमपी 49 जेड एफ 2441 पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने सोनू के विरुद्ध मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

### सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओ के कार्यों की समीक्षा कर बैठक में दिए निर्देश

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय राम,सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के योजना प्रभारी, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत 'एक बगिया मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए पूर्ण कार्यों का समुचित डॉक्यूमेंटेशन तैयार करने के निर्देश संबंधित इंजीनियरों को दिए। साथ ही फेंसिंग कार्य पूर्ण करने, पौधारोपण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने तथा गैप फिलिंग हेतु नवीन पौधों के रोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। 'जल गंगा संवर्धन' अंतर्गत खेत-तालाब निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्मित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतवार मनरेगा आधार-ईकेवाईसी कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर बॉटम ग्राम पंचायतों में प्रगति लाने सभी जनपद सीईओ को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपदवार गौशालाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए गौशालाओं का बेहतर संचालन करने पर जोर दिया तथा गौशाला में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। पीएम जनमन आवास, पीएम आवास प्लस एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता साथी 'वॉश ऑन व्हील' के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा स्वच्छता साथी का सहयोग प्राप्त कर स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए।

# आज मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

## नगर में होंगे विविध आयोजन, जगह-जगह निकाली जाएंगीं शोभायात्राएं

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आज महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की आराधना पूजन में समूचा जिला शिवमय बना रहेगा। शिवालयो, नर्मदा तटों पर सुबह से देर रात तक हर तरफ भगवान शिव के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। नर्मदा तटों अल सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान करने पहुंचेगे। वहीं स्नान के बाद श्रद्धालुओं द्वारा घाटों पर बने मंदिरो में अभिषेक पूजन किया जाएगा। इसके अलावा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडरवारा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। साथ ही महादेव पिपरिया में भी मेला भरता है बरमान के प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही देखने को मिलती है।



नगर में होंगे विविध आयोजन

जिले के प्रमुख तीर्थक्षेत्र बरमान में सुबह से नर्मदा के सीढ़ीघाट, रेत घाट, सतधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-पूजन करने पहुंचेगें। यहां नर्मदा की दो धाराओं के बीच टापू पर बने प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में विराजित शिवलिंग का अभिषेक पूजन करने के लिए नौकाओं से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। पंचकोषी परिक्रमा के दौरान इस मंदिर में ओंकारेश्वर की मान्यता के अनुसार पंचकोषी परिक्रमा पूर्ण होने पर पूजन किया जाता है। मंदिर काफी प्राचीन है और मंदिर को श्रद्धालुओं के सहयोग से नया स्वरूप मिला है जिससे यहां नरसिंहपुर, करेली, सागर, छिंदवाड़ा, रायसेन आदि जिलो से भी पूजन के लिए श्रद्धालु यहां बड़ी संख्य में आते हैं। नर्मदा के ककराघाट पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। इसी तरह नर्मदा के अन्य घाटों पर भी स्नान-पूजन का क्रम शाम तक चलता रहेगा।जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रो में शिव पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ छोटे-बड़े सभी शिवालयों में पहुंचेगें। वहीं विभिन्न आयोजन समितियों द्वारा धूमधाम से भगवान शिवजी की झांकियां बनाकर बारात निकाली जायेगी, धूमधाम से शिव पार्वती विवाह प्रसंग मनाया जाएगा। आज जगह-जगह भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली जायेगी साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के गाडरवारा स्थित शक्कर नदी के पास डमरू घाटी में हर साल की तरह इस साल भी मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है।



## रुद्र मैदान शंकर मंदिर में शिव परिवार की स्थापना

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस शिव मंदिर समिति द्वारा स्थानीय रुद्र मैदान पुरानी कॉलेज ग्राउंड में भगवान शिव जी की परिवार सहित प्राण प्रतिष्ठा की गई।

15 फरवरी शिवरात्रि पर शिव मंदिर में रूद्र अभिषेक हवन किया जाएगा। दिनांक 16 फरवरी को कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर भंडारा का आयोजन किया गया। शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में सेवानिवृत शिक्षक महेश नेमा, राजकुमार कोष्टी, कमलेश सेन, ओम काबरा सुनील अग्रवाल, राकेश कहर, राजेंद्र मालपानी गुड्डा, गोलू गुर्जर सहित अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिती उल्लेखनिय रही।

## शिव मंदिर डमरूघाटी में दर्शनार्थियों के आवागमन के लिए किया गया मार्गों में परिवर्तन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर डमरू घाटी में दर्शनार्थियों के आवागमन के मद्देनजर निम्न मार्गों में परिवर्तन किया गया है।

नरसिंहपुर से साईखेड़ा पिपरिया तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन नारगी कल्याणपुर एनटीपीसी गाडरवारा बाईपास होते हुए जाएंगे। तेंदूखेड़ा से गाडरवारा तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन उदयपुरा- साईखेड़ा होते हुए जाएंगे। तेंदूखेड़ा से करेली तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन अट्ठाईसा पेट्रोल पंप से कौड़िया होते हुए जाएंगे। तेंदूखेड़ा से गाडरवारा,करेली होकर नरसिंहपुर जाने वाली वाहन राजमार्ग होते हुए जाएंगे। उक्त मार्गों पर भारी वाहन निषेध रहेंगे ।

**ऑटो हेतु रूट** - आमगाँव नाका से आने वाले ऑटो बोदरी चौराहे तक आ सकेंगे। नगर की ओर से आने वाले ऑटो नये बस स्टैंड तक आ सकेंगे। बोदरी चौराहे से महाकाल तिराहा एवं चुंगी नाका से महाकाल तिराहा तक ऑटो पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे । नगरजनों एवं ऑटो चालकों से स्टेशन से पलोटनगंज,राठी तिराहा, आमगाँव नाका से बोदरी चौराहे तक के रूट का उपयोग किया जाएगा।

**पार्किंग व्यवस्था** - करेली की ओर से आने वाले वाहनों हेतु बिजासेन माता मंदिर के पास एवं मजार के सामने पार्किंग व्यवस्था रहेगी। तेंदूखेड़ा की ओर से आने वाले वाहनों हेतु विट्ठल भवन के पास पार्किंग व्यवस्था रहेगी। गाडरवारा की ओर से आने वाले वाहनों हेतु ज्योति हॉस्पिटल के पीछे पार्किंग व्यवस्था रहेगी।

दर्शनाभिलाषियों को शक्कर नदी में मुख्य पुल के दोनों तरफ निर्मित अस्थाई पुल पैदल आवागमन के लिए बनाए गए हैं।जिन पर वाहनों का आवागमन वर्जित रहेगा। शक्कर नदी पुल वाहनों हेतु पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

मेला स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र मे पाए जाने वाले भारी वाहन एवं चार पहिया वाहनो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी। संपूर्ण व्यवस्था में 150 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी तैनात रहेगे । 8 पुलिस मोबाइल द्वारा क्षेत्र मे लगातार patrolling की जाएगी। चोरों, असमाजिक तत्वों, मनचलों पर कार्यवाही के लिए सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात रहेगा। 40 सीसीटीव्ही कैमरो से निगरानी रखी जाएगी।

## नाबालिग अपहृता किशोरी को वेंकटनगर पुलिस ने केरल से किया दस्तयाब

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** थाना वेंकटनगर पुलिस ने 17 वर्षीय अपहृता नाबालिग किशोरी को केरल के इडुक्की जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को ग्राम सिंघौरा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्ष 1 माह की नाबालिग नातनी के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट थाना जैतहरी अंतर्गत वेंकटनगर में दर्ज कराई थी।

इस पर पुलिस द्वारा धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी अमर वर्मा के नेतृत्व में गुमशुदा बालिका की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वेंकटनगर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से अपहृता की लोकेशन ट्रेस की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने किशोरी को 11 फरवरी को उड्डुमबनचोला, जिला इडुक्की (केरल) से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया और उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।


प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.)
(अग्रणी महाविद्यालय)
Phone-07792-230335, NAAC GRADE-B (CGPA-2.99)
E_Mail-hegpgenar@mp.gov.in
क्र. /466/पुस्तकालय / 2026., नरसिंहपुर दि. 13.2.2026

// निविदा विज्ञप्ति //

विषय - महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण।

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जनभागीदारी एवं अन्य उपलब्ध मद से सत्र 2025-26 में पुस्तकालय हेतु सभी विषयों की पुस्तकें क्रय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अधिकृत पुस्तक विक्रेता / प्रकाशक अपने भावपत्र निम्न बिंदुओं को स्पष्ट करते हुए सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 2.3.2026 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करें। इसके पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

1. स्नातक एवं स्नातकोत्तर को कला / वाणिज्य / विज्ञान / कम्प्यूटर / विधि की पाठ्यपुस्तकें-देय कमीशन, 2. विदेशी प्रकाशन की पुस्तकें (परिवर्तित दर सहित) देय कमीशन । , 3. शासकीय / अर्द्धशासकीय / विश्वविद्यालय प्रकाशन -देय कमीशन। , 4. स्वयं के प्रकाशन पर दी जाने वाली छूट पर देय कमीशन, 5. अन्य के प्रकाशन पर दी जाने वाली छूट पर देय कमीशन, 6. संदर्भ ग्रंथ पर देय कमीशन।, 7. हार्ड बॉंड पुस्तकें एवं पेपर बेक एडीशन पर दी जाने वाली छूट पर देय कमीशन।

निविदा की शर्ते - 1- पुस्तकें एफ.ओ.आर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर होगा। पार्सल भाड़ा, पोस्टेज पैकिंग चार्ज, डेमरेज आदि किसी भी प्रकार के व्यय मान्य नहीं होगा एवं अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा। , 2 - पुस्तकें नवीन संस्करण की प्रदान करनी होगी। कटी-फटी/आदेशानुसार पुस्तकें तथा नये पाठ्यक्रम की न होने पर पुस्तकें वापिस ले जाने की व्यवस्था एवं जिम्मेदारी स्वयं विक्रेता/प्रकाशक की होगी।, 3 - पुस्तकें आदेश प्राप्ति के दिये गये समय-सीमा में प्रदाय करना होगी। महाविद्यालय द्वारा प्रेषित आदेश समस्त पुस्तकों प्रदाय करने का दायित्व फर्म का होगा। आदेश की पूर्ण पुस्तकें प्राप्त होने के पश्चात् देयक का भुगतान किया जावेगा। , 4 - पुस्तकों पर स्टीकर लगा हुआ मूल्य स्वीकार नहीं किया जावेगा। जिन पुस्तकों पर मूल्य अंकित नहीं होगा उस पुस्तक के मूल्य का प्रकाशक द्वारा देय मूल्य का प्रमाण पत्र केटलॉग की फोटोकॉपी प्रस्तुत करनी होगी। 5- निविदाकार को वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र एवं अ.जा./अ.ज.जा. के अंतर्गत पंजीकृत हो तो प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।, 6 -निविदा पास होने पर 5,000/- (दस हजार) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जमा करना होगा। आदेश की पूर्ति न होने पर इसे राजसात कर लिया जायेगा।, 7- पुस्तकें क्रय करने एवं निविदा पूर्ण या आंशिक स्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा। विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा। , 8 - निविदा इस महाविद्यालय के कार्यालय में सीलबंद लिफाफे में भेजी जाये। लिफाफे के ऊपर पुस्तक क्रय सत्र 2025-26 हेतु कोटेशेन अंकित होना अनिवार्य है।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर


# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की तैयारी को लेकर बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड नरसिंहपुर के जनशिक्षा केंद्र मुगवानी एवं गोरखपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा की तैयारियों को लेकर अक्षरसाथी, अक्षरसाथी दीदियों तथा नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। जिला सह-समन्वयक साक्षरता अखिलेश राजोरिया ने जनगणना 2011 के लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत ऑनलाइन सर्वे पूर्ण करने एवं सामाजिक चेतना केंद्रों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया।



इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर से व्याख्याता आनंद कुमार शर्मा, प्रहलाद पटेल, विकासखंड सह-समन्वयक विजय कुमार नामदेव, जनशिक्षक, संकुल सह-समन्वयक तथा अक्षरसाथी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य साक्षरता अभियान को अधिक प्रभावी बनाना तथा अधिक से अधिक निरक्षर नागरिकों को साक्षरता से जोड़ना रहा।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए